# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

## -: बी0 एस0 जी0 छात्रवृत्ति योजना :-

## (कब/बुलबुल,स्काउट/गाइड)

**प्रादेशिक मुख्यालय : गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ**

E mail : upscoutsguides@yahoo.com

Website : www.bsgup.org

फोन : 0522-4323838
9839392275

# भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र०

प्रादेशिक प्रधान कार्यालय : स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ – 226006
E-mail : upscoutsguides@yahoo.com, Website : www.bsgup.org
रजिस्ट्रेशन संख्या एस० 1-9407/1959-1960

मुख्य संरक्षक
माननीय श्री राज्यपाल
उ० प्र०

उप मुख्य संरक्षक
माननीय मुख्यमंत्री
उ० प्र०

अध्यक्ष
डा०महेन्द्र सिंह
पूर्व मन्त्री "जल शक्ति"
उ० प्र०

मुख्यायुक्त
डा० प्रभात कुमार
आई०ए०एस०(से०नि०)
पूर्व अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०

**पत्रांक संख्या – संग०-59/288/2026-27** **दिनांक - 08/05/2026**

**सेवा में,**

समस्त जिला मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0

**विषय– बी0एस0जी0 छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

स्काउटिंग/गाइडिंग से जुड़े मेधावी कब/बुलबुल,स्काउट/गाइड के प्रोत्साहन के लिए जनपद/प्रदेश स्तर पर बी0एस0जी0 छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026–27 में किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिससे सम्बन्धित विस्तृत दिशा निर्देश संलग्न कर प्रेषित किए जा रहे हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि बी0एस0जी0 छात्रवृत्ति योजना में अपने जनपद के अधिक से अधिक कब/बुलबल,स्काउट/गाइड की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नक–उक्तवत।**

भवदीय

(डॉ0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :–**

1. जिलाधिकारी/जिला अध्यक्ष,भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
2. समस्त प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
3. समस्त सहायक प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
4. प्रादेशिक सचिव, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
5. प्रादेशिक संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त(स्का0/गा0/आई0टी0) भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त(स्का0/गा0) को इस निर्देश के साथ कि वह अपने मण्डल स्थित जनपदों से उक्त प्रतियोगिता में अधिक से अधिक प्रतिभागिता कराना सुनिश्चित करें।
7. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,उ0प्र0।
8. समस्त जिला सचिव, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
9. समस्त जिला संगठन आयुक्त(स्का0/गा0) भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(डॉ0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

# भारत स्काउट और गाइड,उत्तर प्रदेश

## बी0 एस0 जी0 छात्रवृत्ति योजना नियमावली

## (कब/बुलबुल,स्काउट/गाइड)

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संस्था का मुख्य उद्देश्य युवाओं का सर्वांगीण विकास करते हुए उन्हें समाज तथा राष्ट्र के लिए आदर्श तथा चरित्रवान नागरिक के रुप में तैयार करना हैं। वर्तमान में स्काउटिंग/गाइडिंग के प्रशिक्षण/कार्यक्रम प्राथमिक से लेकर महाविद्यालय स्तर तक संचालित हैं। इसी क्रम में स्काउटिंग/गाइडिंग विधा से जुड़े हुए ऐसे मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए प्रदेश स्तर पर भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संस्था एक नवीन योजना की शुरुआत बी0एस0जी0छात्रवृत्ति योजना के रुप में सत्र 2026–27 से कर रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मेधावी छात्र/छात्राओं की खोज कर योजना का लाभ प्रदान करते हुए उन्हें समाज/राष्ट्र के लिए बेहतर नागरिक के रुप में अपनी सेवाएँ प्रदान करने के लिए तैयार करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करना हैं।

**बी0एस0जी0 छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में दिशा निर्देश निम्नवत हैं–**

**(1) बी0एस0जी0 छात्रवृत्ति की श्रेणी**–बी0एस0जी0 छात्रवृत्ति योजना राजस्व जनपदों हेतु 02 श्रेणियों में आयोजित होगी।

1. कब,बुलबुल
2. स्काउट,गाइड

**(2) बी0एस0जी0 छात्रवृत्ति हेतु अर्हता– (01.07.2026 को)**

| क्रम संख्या | सम्वर्ग | अर्हता |
|---|---|---|
| 1 | कब/बुलबुल | 06 से 10 वर्ष के बीच की आयु |
| 2 | स्काउट/गाइड | 10 से 17 वर्ष के बीच की आयु |

(1) प्रतिभाग करने वाले कब/बुलबुल,स्काउट/गाइड की यूनिट पंजीकृत एवं अद्यतन नवीनीकृत होनी अनिवार्य है।
(2) प्रतिभागियों की बी0एस0जी0यू0आई0डी0 होनी अनिवार्य है।

**(3) छात्रवृत्ति हेतु पुरस्कार की संख्या तथा धनराशि –**

| क्रम संख्या | सम्वर्ग | संख्या | धनराशि (प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|
| 1 | कब | 20 | 500/– |
| 2 | बुलबुल | 20 | 500/– |
| 3 | स्काउट | 40 | 750/– |
| 4 | गाइड | 40 | 750/– |

**नोट–1**. निर्धारित छात्रवृत्ति दो अर्द्धवार्षिक किश्तों में दी जायेगी।

**2.** धनराशि सम्बन्धित के बैंक खाते में सीधे हस्तान्तरित की जायेगी।

**3.**सम्वर्गवार निर्धारित छात्रवृत्ति की संख्या में परिवर्तन का अधिकार प्रादेशिक मुख्यायुक्त के पास निहित होगा।

**(4) छात्रवृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन–**बी0एस0जी0 छात्रवृत्ति प्रतियोगिता 02 स्तर पर आयोजित की जायेगी –

**1.जनपद स्तर पर–** जनपद स्तर पर उन सभी प्रतिभागियों की परीक्षा आयोजित की जायेगी,जिन्होंने निर्धारित तिथि पर पंजीकरण करा लिया हो।

**2.प्रादेशिक स्तर पर** – जनपद से प्रत्येक श्रेणी के दोनों सम्वर्गो में वरीयता के आधार पर प्रथम 05–05 अभ्यर्थियों की परीक्षा प्रादेशिक स्तर पर आयोजित की जायेगी, परीक्षा के आधार पर दोनों श्रेणियों के चारों सम्वर्गो में वरीयता सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।

**(5) छात्रवृत्ति हेतु पंजीकरण –**

- जनपद स्तर पर दोनों श्रेणियों में प्रतिभाग करने वाले कब, बुलबुल, स्काउट, गाइड का पंजीकरण जनपद द्वारा 15 अगस्त से 30 सितम्बर 2026 के मध्य किया जायेगा।
- पंजीकरण संलग्न प्रारुप पर ही मान्य होगा।
- प्रत्येक प्रतिभागी से पंजीकरण शुल्क के रुप में प्रदेश द्वारा रू0 100.00 लिया जायेगा,जो रजिस्ट्रेशन के समय देय होगा।
- पंजीकरण शुल्क प्रदेश मुख्यालय के खाते में आर0टी0जी0एस0/ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया जा सकता है।
- जनपद स्तर पर कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र एवं अंतिम सूची जिला मुख्यायुक्त तथा जिला सचिव द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित की जायेगी तथा श्रेणीवार व सम्वर्गवार पंजीकरण शुल्क के विवरण के साथ प्रत्येक दशा में 10 अक्टूबर 2026 तक प्रादेशिक मुख्यालय को अनिवार्य रुप से भेजनी होगी।

**(6) जनपद स्तर पर बी0एस0जी0 छात्रवृत्ति का आयोजन–**

1. जनपद स्तर पर परीक्षा का आयोजन नवम्बर 2026 में किया जायेगा।
2. परीक्षा वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पिक प्रश्नों के आधार पर होगी। परीक्षा का प्रश्न पत्र कुल 60 प्रश्नों का होगा। प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का होगा। अतः परीक्षा के कुल पूर्णांक 180 होंगे।
3. परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग भी की जायेगी। प्रत्येक 01 गलत उत्तर पर 01 अंक की नेगेटिव मार्किंग होगी अर्थात 01 गलत उत्तर पर 01 अंक कटेगा। **उदाहरणार्थ** यदि किसी अभ्यर्थी ने 60 प्रश्नों में से कुल 50 प्रश्नों का उत्तर दिया है, जिसमें से उसके 40 प्रश्न सही एवं 10 प्रश्न गलत हैं तो उसको कुल प्राप्तांक (40×3)–(10×1)=110 अंक होंगे।

**(7) परीक्षा हेतु निर्देश** –जनपद स्तर पर परीक्षा जिलाधिकारी के निर्देशन में कराई जायेगी।

**(अ) जनपद स्तर पर** – जिलाधिकारी द्वारा निम्नानुसार 04 सदस्यीय एक समिति गठित की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | जिला विद्यालय निरीक्षक | अध्यक्ष |
| **2.** | जिला मुख्यायुक्त | सदस्य |
| **3.** | जिला कमिश्नर(स्का0 / गा0) | सदस्य |
| **4.** | जिला सचिव | सदस्य |

1. जनपद स्तर पर परीक्षा केन्द्र का निर्धारण ऐसे स्थान पर किया जायेगा जहॉ अभ्यर्थियों के लिए सुविधाऍ तथा आने जाने की व्यवस्था हो।
2. परीक्षा की तिथि से लगभग 15 दिन पूर्व अर्ह प्रतिभागियों को जनपद द्वारा प्रवेश पत्र देना सुनिश्चित किया जायेगा।
3. परीक्षा के आयोजन तथा मूल्यांकन के सम्बन्ध में विस्तृत आवश्यक निर्देश पृथक से दिए जायेंगे।
4. परीक्षा 01 घण्टे की होगी।
5. प्रश्न पत्र निम्न तीन विषयों पर आधारित होगा–

   **(अ)** स्काउटिंग / गाइडिंग ज्ञान

   **(ब)** सामान्य ज्ञान

   **(स)** उत्तर प्रदेश के विषय में विशेष जानकारी– भौगोलिक,राजनीतिक,स्वास्थ्य, उद्योग एवं शिक्षा।
6. बहुविकल्पिक मॉडल प्रश्न पत्रों का प्रारुप व पाठ्यक्रम संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

**(ब) प्रदेश स्तर पर** –

1. प्रदेश स्तर पर प्रादेशिक मुख्यायुक्त के निर्देशन में परीक्षा प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र प्रयागराज में आयोजित की जायेगी। विशेष परिस्थिति में अन्य परीक्षा केन्द्र बनाने पर भी विचार किया जा सकता है।
2. परीक्षा हेतु अर्ह अभ्यर्थियों को प्रदेश मुख्यालय द्वारा ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी किए जायेंगे।
3. प्रदेश स्तर पर परीक्षा दिसम्बर माह की निर्धारित तिथि में प्रदेश मुख्यालय द्वारा आयोजित की जायेगी।
4. प्रादेशिक स्तर की परीक्षा में प्रत्येक जनपद से प्रत्येक श्रेणी में प्रथम 05 –05 प्रतिभागी ही भाग लेने के लिए अर्ह होंगे।
5. परीक्षा 01 घण्टे की होगी।
6. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन OMR शीट के माध्यम से होगा।
7. परीक्षा के आयोजन तथा मूल्यांकन के सम्बन्ध में विस्तृत आवश्यक निर्देश पृथक से दिए जायेंगे।

**8.** प्रश्न पत्र निम्न तीन विषयों पर आधारित होगा–

**(अ)** स्काउटिंग / गाइडिंग ज्ञान

**(ब)** सामान्य ज्ञान

**(स)** उत्तर प्रदेश के विषय में विशेष जानकारी –भौगोलिक,राजनीतिक,स्वास्थ्य, उद्योग एवं शिक्षा।

**9.** प्रदेश स्तर पर केन्द्रीय मूल्यांकन किया जायेगा।

**(8) ध्यान देने योग्य तिथियॉ / माइल स्टोन** –

**(1) प्रदेश स्तर पर बी0एस0जी0छात्रवृत्ति प्रतियोगिता के निर्देश प्रसारित होने की तिथि – मई 2026 में**

**(2) जनपद स्तर पर अभ्यर्थियों के पंजीकरण की तिथि – 01 अगस्त से 15 सितम्बर 2026 तक**

**(3) जनपद स्तर पर पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची एवं शुल्क प्रदेश मुख्यालय भेजने की अंतिम तिथि – 30 सितम्बर 2026 तक**

**(4) जनपद स्तर पर परीक्षा आयोजन – अक्टूबर 2026 में**

**(5) अभ्यर्थियों की सूची प्रदेश मुख्यालय भेजने की तिथि –15 नवम्बर 2026 तक**

**(6) प्रदेश स्तर पर परीक्षा का आयोजन – दिसम्बर 2026 में**

**नोट– प्रत्येक श्रेणी में प्रथम 05–05 सफल अभ्यर्थियों की सूची प्रदेश मुख्यालय को भेजी जायेगी।**

**(9)** प्रतिभागी एक श्रेणी में एक ही बार छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकता है। एक बार एक श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दूसरी बार प्रतिभागी दूसरी श्रेणी में छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकता है।

**(10) प्रतियोगिता का प्रचार प्रसार** – जनपद स्तर पर प्रतियोगिता का प्रचार प्रसार करने का उत्तरदायित्व जनपद संस्था का होगा। जिला मुख्यायुक्तों से अपेक्षा है कि वे अपने नेतृत्व में प्रतियोगिता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें और अधिकतम कब / बुलबुल,स्काउट / गाइड का पंजीकरण करायें। प्रत्येक जनपद के लिए प्रतिभागियों का लक्ष्य संलग्न कर प्रेषित है ताकि अधिक से अधिक प्रतिभगी इस बी0एस0जी0 छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में भाग ले सकें एवं इससे लाभान्वित हो सकें।

**================XXX===============**

# बी.एस.जी. छात्रवृत्ति प्रतियोगिता

प्रश्न पत्र का प्रारूप

## Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.

परीक्षण पुस्तिका क्र. | Test Booklet No.

परीक्षण पुस्तिका कोड | Test Booklet Code — सीरीज़ A — Cub Bulbul

अनुक्रमांक अंको में (in Figure)

शब्दों में (in Words)

कब/बुलबुल का नाम
Name of the Cub/Bulbul

कब/बुलबुल का हस्ताक्षर
Signature of the Cub/Bulbul

कक्ष निरीक्षक का हस्ताक्षर
Class Invigilator's Signature

दिनांक

दिन

समय : 1 घण्टा | पूर्णांक : 180

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश

- इस परीक्षण पुस्तिका में कुल 60 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का है। प्रत्येक गलत उत्तर पर 1 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी।
- **OMR** शीट में कटिंग, श्वेत/करेक्शन तरल का उपयोग तथा इरेजिंग की अनुमति नहीं हैं। इस प्रकार के उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
- केवल नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन का उपयोग करें। पेंसिल का प्रयोग सख्त रूप से वर्जित है।
- परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षण पुस्तिका और OMR शीट कक्ष निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। कक्ष निरीक्षक की अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
- परीक्षार्थी परीक्षण पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक व नाम के अतिरिक्त कोई चिन्ह न लगाएं।
- परीक्षण पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जांच करके देख लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पेज भली भांति छपे हैं। यदि कोई त्रुटि हो, तो निरीक्षक को दिखा कर उसी सीरीज कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।

# माडल प्रश्न

1. भारत स्काउट गाइड की स्थापना कब हुई थी ?

(A) **15** अगस्त **1947** (B) **07** नवम्बर **1950**

(C) **26** जनवरी **1950** (D) 08 सितम्बर **1907**

2. बैज का शाब्दिक अर्थ क्या होता है?

(A) पुरस्कार (B) पदक

(C) योग्यता (D) पुस्तक

3. कब/बुलबुल में किस वय वर्ग के बच्चे होते हैं?

(A) 03–05 वर्ष (B) 06–10 वर्ष

(C) 09–17 वर्ष (D) 04–10 वर्ष

4. शोल्डर बैज की माप क्या होती है?

(A) 6 से.मी. लम्बे व 1.5 से.मी. चौड़े

(B) 5 से.मी. लम्बे व 1.5 से.मी. चौड़े

(C) 4 से.मी. लम्बे व 1.5 से.मी. चौड़े

(D) 6 से.मी. लम्बे व 2.5 से.मी. चौड़े

5. कब/बुलबुल का सर्वोच्च पदक है?

(A) राष्ट्रपति एवार्ड (B) राज्य पुरस्कार

(B) गोल्डन एरो (D) प्रधानमंत्री शील्ड

6. कब की टोपी पर किस रंग की पाइपिंग लगी होती है?

(A) नीली (B) लाल

(C) पीली (D) हरी

# बी.एस.जी. छात्रवृत्ति प्रतियोगिता

## प्रश्न पत्र का प्रारूप

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

परीक्षण पुस्तिका क्र.
Test Booklet No.

परीक्षण पुस्तिका कोड
Test Booklet Code

सीरीज़
A
Scout Guide

अनुक्रमांक अंको में (in Figure)

शब्दों में (in Words)

स्काउट/गाइड का नाम
Name of the Scout Guide

स्काउट/गाइड का हस्ताक्षर
Signature of the Scout Guide

कक्ष निरीक्षक का हस्ताक्षर
Class Invigilator's Signature

दिनांक

दिन

समय : 1 घण्टा | पूर्णांक : 180

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश

- इस परीक्षण पुस्तिका में कुल 60 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का है। प्रत्येक गलत उत्तर पर 1 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी।
- **OMR** शीट में कटिंग, श्वेत/करेक्शन तरल का उपयोग तथा इरेजिंग की अनुमति नहीं हैं। इस प्रकार के उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
- केवल नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन का उपयोग करें। पेंसिल का प्रयोग सख्त रूप से वर्जित है।
- परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षण पुस्तिका और **OMR** शीट कक्ष निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। कक्ष निरीक्षक की अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
- परीक्षार्थी परीक्षण पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक व नाम के अतिरिक्त कोई चिन्ह न लगाएं।
- परीक्षण पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जांच करके देख लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पेज भली भांति छपे हैं। यदि कोई त्रुटि हो, तो निरीक्षक को दिखा कर उसी सीरीज कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।

## माडल प्रश्न

1. स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन बच्चे को दीक्षा संस्कार कब दे सकते है?

(A) प्रवेश के 3 माह बाद (B) 6 माह बाद

(C) 9 माह बाद (D) 11 माह बाद

2. राज्यपुरस्कार को प्राप्त करने के लिए कितनी परीक्षा पास करनी होती है?

(A) 1 परीक्षा (B) 2 परीक्षा

(C) 3 परीक्षा (D) 4 परीक्षा

3. एक अच्छा स्काउट टेंट कैसा होना चाहिए?

(A) छोटा और हल्का (B) मजबूत और जलरोधी

(C) बड़ा और भारी (D) जलरोधी

4. स्काउटिंक फॉर ब्वायज में कितने कथानक है?

(A) 10 (B) 15

(C) 20 (D) 26

5. विश्व गाइड संगठन की स्थापना कब हुई?

(A) 1928 में (B) 1910 में

(C) 1912 में (D) 1920 में

6. लार्ड बी.पी. वर्ल्ड चीफ स्काउट कब बने?

(A) सन् 1920 की प्रथम जम्बूरी में (B) द्वितीय जम्बूरी में

(C) तीसरी जम्बूरी में (D) इनमें से कोई नही

# भारत स्काउट और गाइड,उत्तर प्रदेश

## प्रादेशिक मुख्यालय,गोल मार्केट,महानगर,लखनऊ

## BSG छात्रवृत्ति प्रतियोगिता 2026–27 पंजीकरण फार्म

1. नाम (हिन्दी में):........................................................................................................................

नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर्स में):.............................................................................................

2. पिता का नाम:.............................................................................................................................

3. जन्मतिथि:..........................................बी0एस0जी0यू0आई0डी0: BSG......................................
(जन्मतिथि का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

4. संवर्ग (कब/बुलबुल,स्काउट/गाइड,):......................................................................................

5. यूनिट का नाम:.........................................................................................................................

6. विद्यालय :.................................................................................................................................

..........................................................................................................पिन कोड............................................

7. जनपद:....................................मोबाइल नम्बर..................................व्हाट्सअप नम्बर .......................

8. ई मेल आई०डी०:......................................................................................................................

9. कक्षा (जिसमें अध्यनरत हैं):................................स्काउटिंग/गाइडिंग योग्यता.................................

10. प्रतियोगिता शुल्क विवरण: ..........................................................................................................

**आवेदक के हस्ताक्षर** | **जिला सचिव/जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)**

================================ **प्रतिभागियों हेतु** ================================

क्रमांक :

1. नाम (हिन्दी में):....................................................... मोबाइल नम्बर...................................

2. संवर्ग (कब/बुलबुल,स्काउट/गाइड,) :.......................................................................................

3. ई मेल आई०डी०:........................................................... BSGUID..........................................

4. प्रतियोगिता शुल्क विवरण: ...........................................................................................................

**हस्ताक्षर प्राप्तकर्ता**

**नाम................................**